_/_/_

Tender Heart High School, Sector 33-B, Chandigarh.
Date -  Class - VI
Subject - Hindi Literature  Page - 1
Subject Teacher- Ms. Roma Rani

Answer key

पुस्तक- नवतरंग - 6
पाठ - 2 'ईदगाह'

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -
संक्षेप में
(क) दोस्तों के साथ बहस में हामिद ने चिमटे के बारे में कहा कि यदि मैं इसे कंधे पर रख लूँ तो यह बंदूक बन जाए और यदि हाथ में ले लूँ तो फकीरों का चिमटा हो जाए। मैं जब चाहूँ इससे मंजीरे का काम ले सकता हूँ। यदि मैं एक चिमटा तुम्हें जमा दूँ तो तुम लोगों के सारे खिलौनों की जान निकल जाए।
(ख) नहीं, चिमटा खिलौना नहीं था। असल में जब सारे बच्चे अपने- अपने खिलौनों के साथ खेल रहे थे और खुश हो रहे थे तब हामिद अपने चिमटे का भी ऐसे ही गुणगान करता है जैसे वह एक खिलौना है।

विस्तार से
(क) चिमटे से बहुत से काम किए जा सकते हैं। जैसे तवे से रोटियाँ उतार सकते हैं और चूल्हे में सेंक भी सकते हैं। यदि कोई आग माँगने आए तो उसे चिमटे की सहायता से चूल्हे से आग निकालकर दे दें।
(ख) हामिद के अनुसार किताबों में मिठाई के बारे में लिखा था कि मिठाइयाँ खाने से मुँह सड़ता है और फोड़े-फुंसियाँ भी निकलती हैं।

Scanned with CamScanner

_/_/_

Date -                Class - VI
Subject - Hindi Literature    Page - 2
Subject Teacher - Ms. Roma Rani

(ग) दादी कहानी के अंत में इस लिए रोने लगती है क्योंकि जब हामिद अपने तीन पैसों से अपने लिए न ही कोई खाने-पीने की चीज़ लेता है और न ही कोई खिलौना लेता है। तो दादी सोचती है कि इसका मन सभी बच्चों को खिलौने लेते या खाते देखकर ललचाया न होगा ? वहाँ भी इसे अपनी दादी की ही याद बनी रही। यही बातें सोच कर दादी की आँखों में आँसू आ जाते है।

धन्यवाद !

Last page.

Scanned with CamScanner